Title: Need to convert N.H. - 8 between New Delhi and Jaipur into six lane - laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 को 11वीं पंचवर्षीय योजना में 6 लेन में परिवर्तित करने की घोषणा की गई है। इस मार्ग पर काफी भारी संख्या में यातायात चलता है। भारी यातायात के चलते हर दिन दुर्घटनाएं घटती हैं। दिल्ली-जयपुर या जयपुर-दिल्ली आने जाने में काफी समय लगता है। इसमें भारी वाहनों व लाइट वाहनों की अलग अलग लाइन नहीं है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ बड़ी बड़ी कम्पनियां स्थित हैं। इस वजह से काफी भारी संख्या में यातायात चलता है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इन समस्याओं को मध्य नजर रखते हुए एनएच-8 दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को 6 लेने में परिवर्तित किया जाये।